खिरनीबाग मेले में पहले दिन रंगारंग कार्यक्रमों की रही धूम, खन्ना ने किया उद्घाटन

# दीपोत्सव मेला सजा, मंत्री ने देखे स्टाल



शाहजहांपुर में दीपोत्सव मेले में कैबिनेट मंत्री ने स्टालों का भ्रमण किया।



दीपोत्सव मेले में छात्राएं आकर्षण का केंद्र रहीं।

शाहजहांपुर | संवाददाता

खिरनीबाग के रामलीला मैदान में गुरुवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने दीपोत्सव मेले का भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने मेले में लगाए स्टालों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही।

शाम करीब साढ़े छह बजे आए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपोत्सव का आगाज किया।

मंत्री ने दीपावली मेले में सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए अलग-अलग विभागों लगाए गए स्टालों का भ्रमण किया।

खन्ना ने कहा कि नगर निगम द्वारा आयोजित दीपोत्सव मेले में शहरी समृद्धि उत्सव के साथ भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं छोटे उद्यमियों को आय का अतिरिक्त साधन अर्जित करने के लिए अवसर प्रदान किया।

## कार्यक्रम

- तीन को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का होगा आयोजन
- विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं का प्रसार किया

उन्होंने बताया कि दीपावली मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बालीवुड कलाकार भी प्रतिभाग करेंगे।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि दीपोत्सव मेले में अधिक प्रतिभाग कर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आनंद लें। छोटे उद्यमियों का उत्साहवर्धन करें।

डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि दीपावली मेले में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मंच पर विराट कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। मेले के जरिए क्षेत्र के दुकानदारों को बढ़ावा दिया जाएगा। उनका माल स्टाल में लगेगा तो उनकी बिक्री बढ़ेगी। जनता जानेगी कि जिले में बेहतर सामान भी बनते हैं और उनकी बिक्री भी होती है। अपर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि दीपोत्सव मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तीन नवम्बर को सांस्कृतिक विभाग के माध्यम से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

मेले में मैजिक शो, कठपुतली शो भी होगा। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी सामानों के स्टाल भी लगवाए गए है।



दीपोत्सव मेले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन भी बांटे गए।

इस मौके पर सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.वीरेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, पीओ डूडा अतुल पाठक मौजूद रहे।